web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 14 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 316

## नहीं रुक रहा कारम नदी के डैम से पानी का रिसाव, 18 गांव कराए खाली, आर्मी-एयरफोर्स तैयार

**धार/खरगोन (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर कारम नदी पर बन रहे एक बांध से जारी पानी का रिसाव बढ़ता जा रहा है। अब पानी से भरे इस बांध के टूटने का खतरा पैदा हो गया है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने बांध के निचले क्षेत्र में बसे 18 गांवों को ऐहतियातन खाली करा लिया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बने राहत शिविरों में भेज दिया है। उधर, प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने रिसाव रोकने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही दो हेलीकॉप्टर और सेना को तैयार रखा गया है।

धार जिले की धर्मपुरी तहसील में कारम मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत इस बांध का निर्माण हो रहा है। लेकिन पिछले दिनों से रुक-रुककर भारी बारिश के चलते इस निर्माणाधीन बांध के लबालब भर जाने से रिसाव और मिट्टी का दरकना शुरू हो गया है।

राज्य गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ने बताया कि बांध की 'डाउन स्ट्रीम' की मिट्टी स्लिप हो जाने से शुक्रवार को सुबह खतरे के हालात पैदा हो गए थे। इस बांध की लंबाई 590 मीटर और ऊंचाई 52 मीटर है। वहीं, मौजूदा वक्त में 1।5 करोड़ घन मीटर पानी इस बांध में भरा हुआ है।

राजौरा ने बताया, बांध के टूटने के खतरे को देखते हुए ऐहतियातन धार जिले के 12 गांव और खरगोन जिले के 6 गांवों यानी कुल 18 गांवों को खाली कराके लोगों को सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों में भेज दिया गया है।

वहीं, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम, राज्य आपदा मोचन बल धार और इंदौर की टीम और पड़ोस के थानों का पुलिस बल बचाव कार्य में होम गार्ड




तथा राजस्व विभाग के अमले के साथ लगा हुआ है। साथ ही वायुसेना के 2 हेलीकॉप्टर और सेना की एक कंपनी को तैयार रखा गया है, ताकि जरूरत पडऩे पर उन्हें तुरंत भेजा जा सके।

जिले के कलेक्टर डॉ. पंकज जैन ने बताया कि इस बांध में पहली बार पानी भरा है। दोपहर एक बजे सूचना मिली थी कि बांध से पानी का रिसाव हो रहा है। इसके बाद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया और इस रिसाव को रोकने के प्रयास शुरू किए गए। हालांकि, शुक्रवार सुबह से इस बांध से पानी का रिसाव बढ़ गया है। हम सभी संभावित उपाय कर रहे हैं और हालात पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं।

## कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने अंडमान प्रशासन के लिए यात्री जहाज का जलावतरण किया

**कोच्चि (आरएनएस)।** अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के लिए 'कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड' (ष्टस्रु) द्वारा बनाए गए दो यात्री जहाज में एक अटल जहाज का यहां कंपनी के यार्ड में शनिवार को जलावतरण किया गया। सीएसएल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अटल जहाज को आधुनिक उच्च गुणवत्ता वाले यात्री जहाज के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें और मुख्य भूमि और ए. एंड. एन. मार्ग पर 1,200 यात्रियों और हर मौसम में 1000 टन सामान को ले जाने की क्षमता है। नौवहन महानिदेशालय के महानिदेशक की निगरानी में भारतीय शिपिंग पंजीकरण और 'लॉयड्स रजिस्टर ऑफ शिपिंग' के उच्चतम मानकों के अनुरूप जहाज का निर्माण किया गया है और जहाज भारतीय मर्चेंट शिपिंग नियमों के अनुसार तीसरी श्रेणी के विशेष व्यापार यात्री जहाज की आवश्यकताओं को पूरा करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जहाज न केवल सुरक्षित और आरामदायक है, बल्कि यह पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा देगा। लगभग 157 मीटर लंबे जहाज में आधुनिक कैफेटेरिया और मनोरंजन कक्ष हैं जिनमें डीलक्स केबिन, प्रथम श्रेणी केबिन, द्वितीय श्रेणी केबिन और बंक क्लास सुविधा शामिल हैं। जहाज 18 समुद्री मील की गति के साथ चलेगा और यात्रा का अनुभव आरामदायक होगा। इसमें 104 कर्मचारी कार्यरत होंगे। जहाज में सभी मशीनों, सुविधाओं और रहने के क्वार्टर की जांच की जाएगी।

## बर्ड हिट की घटनाओं के बाद डीजीसीए अलर्ट, देशभर के हवाई अड्डों के लिए गाइडलाइंस जारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हाल ही में जहाजों के पक्षियों से टकराने कुछ मामले सामने आए थे। इसको देखते हुए डीजीसीए ने शनिवार को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने देशभर के सभी हवाई अड्डों को रैंडम पैटर्न पर लगातार गश्त किए जाने की ताकीद की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर किसी तरह की वन्यजीव गतिविधि दिखे तो इसके बारे में पायलट को सूचना दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि बीते कुछ वक्त में हवाई जहाज से चिडिय़ा के टकराने की कई घटनाएं हुई हैं।

**डीजीसीए ने हवाई अड्डों को जारी की हैं यह गाइडलाइंस** -हवाई अड्डों को वन्यजीव से खतरों को लेकर असेसमेंट करना होगा और विमानों के लिए संभावित खतरे को देखते हुए उसी हिसाब से रैंकिंग देनी होगी।

-हवाई अड्डों के पास वन्यजीवों की गतिविधियों को मॉनीटर करने का प्रोसीजर और इसके रिकॉर्ड का आंकड़ा भी होना चाहिए।

-इसके अलावा हवाई अड्डे या इसके सीमा क्षेत्र में किसी तरह के जानवरों की गतिविधि दिखाई देने पर पायलटों को इस बारे में सूचित किए जाने की सुविधा होनी चाहिए।

-वाइल्डलाइफ हेजार्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत रूटीन गश्त की जानी चाहिए।

-यह गश्त इस तरह से होनी चाहिए कि वहां से गुजरने वालों जानवरों के बारे में पूरी जानकारी जुटाई जा सके। इसके लिए रैंडम पैटर्न पर लगातार गश्त के लिए कहा गया है।

-एयरोड्रम ऑपरेटर्स को निर्देश दिया जाए कि वह वाइल्डलाइफ हेजार्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम पर क्या एक्शन हुआ इस संबंध में मंथली रिपोर्ट दें। इसके अलावा हर महीने का वन्यजीवों के हमलों के आंकड़ों एक रिपोर्ट महीने की सात तारीख तक दें।

## टाइपिंग में हुई मामूली गलती के कारण जेल, हाईकोर्ट का सरकार को दो लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की मुंबई से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जिसमे एक व्यक्ति को दफ्तर में कम्प्यूटर पर टाइप करने के दौरान एक मामूली गलती के चलते डेढ़ साल की जेल हो गई। वहीं अब बॉम्बे उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार आदेश दिया है कि वह उस शख्स को दो लाख रुपये का मुआवजा दे।



आपको बता दें कि ये मामला एक केमिकल एनालाइजर रिपोर्ट में टाइपिंग की एक मामूली गलती से संबंधित है। इस मामले में एक नाइजीरियाई शख्स को गलती से डेढ़ वर्ष के लिए जेल भेज दिया गया था। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ 27 वर्षीय नाइजीरियाई व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसे कथित तौर पर अपने पास मादक पदार्थ रखने को लेकर अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था।

अभियोजन के मुताबिक, व्यक्ति के पास से 116.19 ग्राम कोकीन, और केसरिया रंग की दिल के आकार वाली 40.73 ग्राम गोलियां तथा 4.41 ग्राम गुलाबी रंग की गोलियां बरामद की गई थी।

उल्लेखनीय है कि रासायनिक विश्लेषण की रिपोर्ट आने पर यह पता चला कि यह कोकीन नहीं थी बल्कि लिडोकेन, टेपेनटाडोल और कैफीन थी। हालांकि, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के सहायक निदेशक की रिपोर्ट में कहा गया था कि लिडोकेन और टेपेनटाडोल स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के दायरे में आते हैं।

वहीं, एक साल बाद क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला,औरंगाबाद के सहायक निदेशक ने खेद जताया और विश्लेषण में सुधार किया तथा कहा कि यह सामग्री एनडीपीएस अधिनियम के दायरे में नहीं आती। इसके आधार पर आरोपी ने जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। शुक्रवार को, न्यायमूर्ति डांगरे ने आदेश दिया कि आरोपी को 25,000 रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा किया जाए और राज्य सरकार को छह सप्ताह के अंदर उसे मुआवजे के तौर पर दो लाख रुपये अदा करने का निर्देश दिया।

## देश में कोविड-19 के करीब 16 हजार नए मामले, 68 और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के करीब 16 हजार नए मामले सामने आए और संक्रमण से 68 मरीजों की मौत हो गई। मौत के इन 68 मामलों में 24 ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से हुई मौत की सूची में डाले हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। शनिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक गत 24 घंटे के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 4,271 की कमी आई है, अब उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,19,264 रह गई है। जो कुल मामलों का 0.27 प्रतिशत है।

आकंड़ों के मुताबिक कोविड-19 के 15,815 नए मामले सामने आने के साथ देश में अबतक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 4,42,39,372 हो गई है जबकि 68 लोगों की मौत से महामारी में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 5,26,996 तक पहुंच गई है।



स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.54 प्रतिशत है।

आंकड़ों के मुताबिक दैनिक संक्रमण दर 4.36 प्रतिशत जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.79 प्रतिशत है। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि अबतक 4,35,93,112 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से बचाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे टीकाकरण अभियान के तहत अबतक 207.71 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

## चेन्नई एयरपोर्ट से 100 करोड़ की ड्रग्स बरामद, कस्टम विभाग ने तस्कर दबोचा

**चेन्नई (आरएनएस)।** चेन्नई एयपोर्ट पर कस्टम्स विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इथियोपियाई एयरलाइंस से अदीस अबाबा से पहुंचे एक यात्री से 9.590 किलोग्राम वजन की हेरोइन और कोकीन जब्त की गई है। इसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के अधिकारी अनिल कुमार की खुफिया जानकारी के आधार पर यह छापेमारी की गई थी।



चेन्नई एयर कस्टम द्वारा जारी बयान के मुताबिक इथोपियन एयरलाइंस द्वारा अदीस अबाबा से पहुंचे एक भारतीय यात्री इकबाल बी उरंदादी को एआईयू अधिकारियों ने रोका। उनसे 9.590 किलोग्राम वजन वाली हेरोइन और कोकीन जब्त की गई, जिसकी करीब 100 करोड़ रुपये है।

बयान के मुताबिक यात्री और उसके सामना की जांच करने पर कोकीन और हेरोइन मिले। यात्री ने इसे चेक-इन बैगेज और जूते में छिपा रखा था। इसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम 1985 के तहत जब्त किया गया था। इसके बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चंडीगढ़ में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, क्रिकेट स्टेडियम में 7000 छात्रों ने बनाया ह्यूमन तिरंगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आगामी 15 अगस्त को देश की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर देशभर में आज से हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में तिरंगा को लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। जानकारी के अनुसार, यहां एक क्रिकेट स्टेडियम में ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस तिरंगे में 7000 छात्रों ने ह्यूमन चेन बनकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी भूमिका निभाई। 15 अगस्त को देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो जाएंगे। इसलिए इस साल केंद्र सरकार की मुहिम के तहत देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आज से हर घर तिरंगा यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सबसे बड़े ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस चेन में 7000 छात्रों ने भाग लिया।



केंद्रीय संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी, चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित और पहलवान योगेश्वर दत्त (ओलंपिक पदक विजेता) एनआईडी फाउंडेशन और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्टेडियम पहुंचे। पुरोहित ने सभी प्रतिभागियों को इस उपाधि को प्राप्त करने के लिए बधाई दी और लोगों से अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह किया। छात्रों ने हवा में तिरंगे जैसी आकृति भी बनाई, जबकि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम की मौजूदगी में खुद को ह्यूमन तिरंगा के लिए कतारबद्ध किया।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स एडजुडिकेटर के एक अधिकारी स्वप्निल डांगरीकर, जो इस कार्यक्रम में भी मौजूद थे, ने रिकॉर्ड का सत्यापन किया और कहा, राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए सबसे बड़ी मानव छवि के लिए पिछला विश्व रिकॉर्ड अबूधाबी में जीईएमएस एजुकेशन के नाम था। जिसे चंडीगढ़ में बनी इस ह्यूमन चेन ने तोड़ दिया है।

**पिछला रिकॉर्ड कब बना था-** संयुक्त अरब अमीरात ने 2017 में 4130 लोगों के साथ ह्यूमन राष्ट्रीय ध्वज के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने कहा कि विश्व रिकॉर्ड के सफल निर्माण के साथ भारत के स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर पूरी दुनिया को एक महान संदेश दिया है। यह आयोजन मेरी कल्पना से भी बड़ा हो गया है। मैं चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के चांसलर और एनआईडी फाउंडेशन के प्रमुख संरक्षक एस सतनाम सिंह संधू को हार्दिक बधाई देता हूं, जिनकी टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर में हिज्बुल सरगना सलाहुद्दीन के बेटे समेत 4 कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के बेटे और आतंकी फंडिंग मामले में आरोपी बिट्टा कराटे की पत्नी सहित 4 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त किया गया है, जिसमें सरकार को बिना किसी जांच के अपने कर्मचारी को निष्कासित करने की शक्ति प्राप्त है। फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे आतंकवाद फंडिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है। उसकी पत्नी अस्सबाह-उल-अर्जमंद खान जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा में अधिकारी थी और ग्रामीण विकास निदेशालय में कार्यरत थी। अधिकारियों ने बताया कि सैयद अब्दुल मुईद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक था। वह पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन का बेटा है। अधिकारियों ने बताया कि अन्य बर्खास्त कर्मियों में वैज्ञानिक डॉ. मुहीत अहमद भट्ट और कश्मीर विश्वविद्यालय में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक माजिद हुसैन कादरी शामिल हैं।

### सीयूईटी-यूजी चौथे चरण की परीक्षा 30 अगस्त तक स्थगित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के चौथे चरण में शामिल होने वाले 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण की परीक्षा 17 से 20 अगस्त के बीच होनी थी और इसमें 3.72 लाख उम्मीदवार हिस्सा लेने वाले थे। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी संभाल रही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पहले घोषणा की थी कि सभी चरणों की परीक्षा 28 अगस्त को संपन्न हो जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, 'चौथे चरण में हिस्सा लेने वाले 3.72 लाख उम्मीदवारों में से 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा, परीक्षा केंद्र के लिए उनके पसंद के शहर को समायोजित करने के वास्ते 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। एनटीए ने परीक्षा केंद्रों की क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ नये परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गौरतलब है कि सीयूईटी परीक्षा के दूसरे चरण में खामियों के चलते विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

### चित्तौड़गढ़ में बड़ा हादसा, एसिड से भरा टैंक फटा- 2 कर्मचारियों की मौत और 9 झुलसे

**चित्तौडग़ढ़ (आरएनएस)।** राजस्थान के चित्तौडग़ढ़ में बड़ा हादसा सामने आया है। निकटवर्ती पुठोली स्थित हिंदुस्तान जिंक प्लांट में एसिड का टैंक फटने से 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 9 झुलस गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए उदयपुर रेफर किया गया है। जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांधु के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से एसिड का टैंक फट गया और आस-पास काम कर रहे कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। हादसे में दो की मौत हो गई। वहीं 9 झुलसे लोगों को जिला चिकित्सालय लाया गया जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। फिलहाल सभी को उदयपुर महाराणा भूपाल चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### सात शव बरामद, अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि

**फतेहपुर/बांदा (आरएनएस)।** फतेहपुर जिले में दो दिन पहले नौका पलटने से जिन 17 लोगों के डूबने की आशंका थी उनमें से सात के शव शनिवार को जिले में यमुना नदी से निकाले गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। इन शवों के बरामद होने के साथ ही गुरुवार को बांदा जिले के समगरा गांव में हुई त्रासदी में अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें एक शव राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम मरका ले गयी। पुलिस के अनुसार, फिलहाल शवों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय तिवारी ने बताया कि ये शव घटनास्थल से करीब 15-20 किलोमीटर दूर बरामद हुए हैं।